LALITPUR POLICE

प्रेस नोट

दिनांक-18.09.2024

थाना कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधडी करके षड़यंत्र पूर्वक कूटरचित फर्जी नियुक्ति पत्र एंव आई0डी0 देकर लाखो रूपये का गबन करने वाले शातिर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान् अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं श्रीमान् पुलिस उप महानिरीक्षक झांसी, परिक्षेत्र झांसी के निर्देश के क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक ललितपुर श्री मो0 मुश्ताक महोदय के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद ललितपुर श्री अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी सदर श्री अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना कोतवाली पर पंजीकृत मु0अ0स0- 833/2024 धारा- 318(4)/338/336(3)/340(2)/352/351(3) BNS व मु0अ0स0- 834/2024 धारा- 318(4)/352/351(3) BNS में वांछित अभियुक्त प्रसन्न कुमार दुबे पुत्र नाथूराम दुबे उम्र करीब 31 वर्ष नि0 आजादपुरा थाना कोतवाली ललितपुर को थाना कोतवाली परिसर से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण- वादी मुकदमा मंगल पुत्र मानसिंह यादव उम्र करीब वर्ष 25 नि0 ग्राम टूडासर थाना बार जनपद ललितपुर व तुलसीराम पुत्र मुन्नी लाल उम्र करीब वर्ष 35 नि0 नेहरू नगर थाना कोतवाली ललितपुर द्वारा थाना कोतवाली पर प्रार्थना पत्र देकर सूचना दी गयी कि अभियुक्त द्वारा धोखाधडी करके षड़यंत्र पूर्वक कूटरचित फर्जी नियुक्ति पत्र एंव आई0डी0 देकर नौकरी दिलाने के नाम से लाखों रूपये ले लेना तथा पैसा वापस मांगने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने के सम्बन्ध में दिये गये थे।

प्राप्त प्रार्थना-पत्र के आधार पर थाना कोतवाली पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किये गये थे । घटना की संवेदनाशीलता को देखते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमे गठित की गयी थी। धरातलीय सूचना, सर्विलांस व अन्य एकत्रित साक्ष्यों की मदद से अभियुक्त प्रसन्न कुमार दुबे को गिरफ्तार किया गया।

पूँछतांछ का विवरण- अभि0 प्रसन्न कुमार दुबे ने शुरूआती पूछतांछ करने पर बताया कि मैं नमामि गंगे, ठेकेदारी, स्वास्थ्य विभाग में आउट सोर्सिंग कम्पनी के माध्यम से लोगो की नौकरी लगवाता हूँ, मै हंसराज इंफ्राकोन प्रा0लि0 कम्पनी हे जुड़ा हूँ जिसका कार्यालय लखनऊ मे है। मैं सीधे साधे बेरोजगार लोगो को जिनको नौकरी की आवश्यकता है ऐसे लोगो को चिन्हित करता हू और अपने भरोसे में लेते हैं और बताते हैं कि हमारी पहुंच लखनऊ तक है वहां से हम तुम्हारी नौकरी लगवा देगे। फिर उन लोगो को भरोसे में लेकर उनको फर्जी तरीके से ज्वानिंग लेटर देते हैं और उसके बदले लाखो रूपये ले लेते हैं। हम लोगो को यह भी भरोसा दिलाते हैं कि अगर तुम्हारी नौकरी नही लगी तो हम तुम्हारा पैसा वापस कर देगे और अब तक इस तरीके से सैकड़ो लोगो से नौकरी लगवाने के नाम पर करोड़ो रूपये कमाये हैं और अपने ऐसो आराम पर खर्च किया है। मंगल सिंह को मैने आयुष चिकित्सालय दैलवारा ललितपुर में मेडिकल आफिसर के पद नियुक्त करवाने के नाम पर 07 लाख रुपये लिये थे, जब मंगल की नौकरी नही लगी तो वह मुझसे रूपये मांगने लगे तब मैने उसे कूट रचित तरीके से तैयार किया हुआ फर्जी ज्वानिंग लेटर दे दिया था जिससे मंगल सिंह पैसा न मांग सके, इसी तरह जगदीश सिंह से नौकरी लगवाने के नाम पर 02 लाख रुपये लिये थे । साहब अभी तक सैकड़ो लोगों से मैंने पैसे नौकरी लगाने के नाम पर लिए हैं। साहब मुझसे गलती हो गयी माफ कर दीजिये।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण</u>-

प्रसन्न कुमार दुबे पुत्र नाथूराम दुबे उम्र करीब 31 वर्ष नि0 आजादपुरा थाना कोतवाली ललितपुर

<u>बरामदगी का विवरण –</u>

1-01 अदद लैपटाप

2-01 अदद मोबाईल फोन

<u>आपराधिक इतिहास-</u>

1.मु0अ0स0-833/2024 धारा-318(4)/338/336(3)/340(2)/352/351(3) BNS थाना कोतवाली जनपद ललितपुर

2. मु0अ0स0- 834/2024 धारा- 318(4)/352/351(3) BNS थाना कोतवाली जनपद ललितपुर

<u>गिरफ्तारी का दिनांक -</u> 17.09.2024 समय 16.10

<u>गिरफ्तार करने वाली टीम-</u>

1.उ0नि0 नरेन्द्र सिंह चौकी प्रभारी दैलवारा थाना कोतवाली ललितपुर।

2.का0 146 मनीष कुमार थाना कोतवाली ललितपुर।